हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025


तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री


11 नप की दुकानों पर वर्षों से कब्जा, एक्शन के डर से रात को खाली कीं, सामान निकालकर लगाए ताले





12 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर लगाए पौधे




## खबर संक्षेप

### सोलर पंप की मोटर उड़ा ले गए चोर

**रेवाड़ी।** डवाना गांव में चोर एक सोलर पंप सेट की मोटर व केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में शीशराम ने बताया कि उसका सोलर पंप सेट काम नहीं कर रहा था। उसने कंपनी को इसकी शिकायत की थी। कंपनी के प्रतिनिधि उसके खेत में सोलर पंप ठीक करने के लिए आए थे। जब बोर से मोटर निकालने का काम शुरू किया, तो मोटर व केबल नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी चोरी का सुराग नहीं लगा। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कोर्ट से घोषित पीओ किया गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। सीजेएमआई कोर्ट ने एक मामले में यूपी के ग्रेटर नोएडा निवासी सौरव शर्मा को पीओ घोषित किया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ 3 मई तक केस दर्ज करने के बाद अदालत को रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेशों को अमलीजामा पहनाते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाली करते हुए एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने इंद्रा कॉलोनी की गली में सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रा कॉलोनी निवासी चमन रेलवे कैरीज वाली गली में नंबर लगाकर सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर उसके पास भेज दिया। जब उसने बोगस ग्राहक से पैसे लेकर नंबर लगाया, तो पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से सट्ट की 2050 रुपये राशि पर्चियां बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** कर्णकुंज गुर्जर घटाल में घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में सेक्टर-6 थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में जगबीर ने बताया था कि रात के समय पड़ोस में रहने वाली सन्नीपाल उसके मकान में घुस गया। उसके परिवार के सदस्यों ने उसे पेड़ से बांध दिया था। शोर मचाने पर उसके परिवार के सदस्यों ने घर में घुसकर उसके व उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद फूलसिंह, सूरजपाल, बिसन व सन्नीपाल को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट का आरोपी कई माह बाद काबू

**बावल।** थाना कसोला पुलिस ने गत वर्ष शहबाजपुर खालसा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत वर्ष 26 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद मामले का आरोपी अमित उर्फ सूर पुलिस गिरफ्त से बाहर हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पहले भी केस दर्ज बताए जा रहे हैं।

### हत्या के आरोपियों को भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस संगवाड़ी निवासी लालसिंह की हत्या के आरोपी उसके बेटे व उसके दोस्त को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस ने इस हत्याकांड में लालसिंह के बेटे और मोहित व उसके एक दोस्त को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया था। उसे दोनों को जेल भेजने के आदेश जारी हुए।

### किडनी के उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में दाखिल हुई थी महिला

# रेवाड़ी में आया कोरोना का पहला केस, अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, मीटिंग करके की समीक्षा

- अन्य टेस्टों के साथ किए गए टेस्ट की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव पाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसों के बीच वीरवार को जिले में कोविड पॉजीटिव का पहला केस सामने आया है। प्राइवेट अस्पताल में किडनी का उपचार करा रही एक 60 वर्षीय महिला पॉजीटिव पाई गई है। उसकी रिपोर्ट अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर डाली गई है। कोराना का केस आने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। सीएमओ ने मीटिंग बुलाकर कोरोना से निपटने की तैयारियों को लेकर समीक्षा भी की। पायलट चौक के पास एक प्राइवेट अस्पताल में महिला का किडनी का उपचार चल रहा है। उसकी रूटीन में जांच कराई जाती हैं। इन्हीं जांच में कोविड टेस्ट भी शामिल है। डिप्टी सीएमओ डा. भंवर सिंह ने बताया कि रूटीन टेस्ट के दौरान उपचार के लिए दाखिल महिला कोराना पॉजीटिव पाई गई है। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। खतरे की कोई बात नहीं है। कोरोना के दस्तक देने के बाद जिले में यह पहला मामला आया है, जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है। विभाग की ओर से कोरोना को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें सभी पीएचसी व सीएचसी प्रभारियों के साथ कोरोना को लेकर मंथन किया गया है। सभी एसएमओ को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।






**रेवाड़ी।** सिविल अस्पताल में बनाया कोविड वार्ड व वार्ड में तैयार बेड।

### महिला की नहीं कोई ट्रेवल हिस्ट्री

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना पॉजीटिव मिली महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। अस्पताल में आने के बाद उसमें कोविड के कोई लक्षण नजर नहीं आए थे, परंतु रूटीन टेस्ट में रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई। उसकी जांच गुरूग्राम से कराई गई थी। अब स्वास्थ्य विभाग ने भी महिला को कोविड टेस्ट कराने का निर्णय लिया है। बताया जा रहा है कि महिला को प्राइवेट अस्पताल में ही आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया है।

### पैनिक लेने की बजाए ऐतिहात बरतना जरूरी



*कोरोना को लेकर किसी को भी पैनिक लेने की जरूरत नहीं है। इसके लिए ऐतिहात बरतना जरूरी है। अगर जिले में केस बढ़ते हैं, तो उस स्थिति से निपटने के लिए भी हम पूरी तरह से तैयार हैं। सभी एसएमओ को भी इसके लिए निर्देश दिए जा चुके हैं।*

*-डा. सुरेंद्र यादव, पीएमओ।*

### ऑक्सीजन से लेकर बेड तक तैयार

सामान्य अस्पताल में कोरोना से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध है। कोरोना टेस्ट की समुचित व्यवस्था है। विभाग ने सीएचसी और पीएचसी स्तर पर कोरोना की हर स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। फिलहाल कोरोना को लेकर किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन लोगों के लिए इसके प्रति अलर्ट रहना भी जरूरी है।

### गुरूग्राम का रहता है जिले में असर

गुरूग्राम में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गुरूग्राम से जिले के हजारों लोगों का रोजाना आवागमन होता है। ऐतिहात नहीं बरतने पर इनमें से कोई भी कोविड की चपेट में आकर जिले में मरीजों की संख्या बढ़ाने का काम कर सकता है। पूर्व में भी गुरूग्राम के कारण ही जिले में कोरोना रोगियों की संख्या बढ़ी थी। अब गुरूग्राम में मरीजों की संख्या बढ़ने का असर जिले पर भी पड़ सकता है। हालांकि अभी तक कोरोना के मरीज गंभीर नहीं पाए गए हैं।

## पंचों को दिया पंचायती कार्यों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के सौजन्य से नाहड़ खंड कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचों को दो दिन तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। वीरवार को संस्थान की प्रशिक्षक लक्ष्मी द्वारा विकास कार्यों को लेकर गांव कोसली, मुमताजपुर, झोलरी, जुड्डी, खुर्शीद नगर व भडंगी ग्राम पंचायतों के पंचों को प्रशिक्षण दिया गया। जिससे पंच गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें, पंचों को सरकार की योजनाओं को लागू करने, प्रस्तावों में भागीदारी और गांव की स्वच्छता में पंचों का सहयोग हो। लक्ष्मी ने बताया कि ग्राम पंचायतों के पंचों को प्रशिक्षण देकर गांव के विकास में अहम भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी जा रही तथा ग्राम पंचायत के विकास में उनकी भागीदारी से लेकर पंचायत विभाग और सरकार की योजनाओं को क्रियांवित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत में सरपंच के साथ-साथ चुने जाने वाले पंच का अपने वार्ड और गांव के विकास में क्या भूमिका होती है। पंचों को ग्राम पंचायत में उनकी भूमिका, पंच पद का अधिकार, पंच का गांव के विकास में दायरा, पंच सरकार और पंचायत के बीच एक कड़ी का काम करते है।



**कोसली।** पंचों को प्रशिक्षण देते हुए डीआरडीए की टीम। फोटो :हरिभूमि

### योजनाओं पर दी विस्तार से जानकारी

विभाग की योजनाओं को सरपंच के साथ मिलकर कैसे अमलीजामा पहना सकता है, के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर नरेगा के जेई विकास ने बताया कि नरेगा में पंच अपने गांव व वार्ड में काम करवा सकता है। उसके लिए पंचायत में प्रस्ताव पास करवाना होता है। नरेगा से गांव वालों को काम भी मिलेगा और गांव का विकास भी होगा। जनस्वास्थ्य विभाग की ओमवती ने बताया कि जल ही जीवन है। जल गांव के हर व्यक्ति को मिले इसके लिए पंचों को अवैध रूप से लगे नलों को रोकना चाहिए जिससे अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति को पानी मिल सके। उक्त गांवों के पंचों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

## गाली देने पर बस कंडक्टर से उलझा युवक बचाव में आए पुलिसकर्मी की गर्दन नाप दी





**रेवाड़ी।** झड़प के बाद युवक पहले पुलिस बूथ में व बाद में जिप्सी में बैठाते हुए पुलिस। फोटो :हरिभूमि

- पुलिस ने युवक को जिप्सी में डालकर चौकी पहुंचाया, बाद में परिजनों के गलती मानने पर पुलिस ने छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नाईवाली चौक पर वीरवार सुबह प्राइवेट बस के पीछे लटक रहे एक युवक की परिचालक के साथ झड़प हो गई। परिचालक उसे बस की सीढ़ी पर लटकने से मना कर रहा था। दोनों के बीच झड़प के बीच वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने आकर युवक को थप्पड़ जड़ा, तो युवक ने भी उसकी गर्दन पकड़ ली। बाद में पुलिस चौकी पहले उसे बूथ पर ले गई। इसके बाद जिप्सी बुलाकर भाड़ावास गेट पुलिस चौकी ले जाया गया। परिजनों ने गलती स्वीकार की, तो पुलिस ने छात्र होने के कारण युवक को अभयदान दे दिया। सुबह के समय नाईवाली चौक पर सवारियां उतारने के बाद एक प्राइवेट बस बस स्टैंड की ओर जा रही थी। बस के पीछे सीढ़ी पर एक युवक चढ़ा, तो परिचालक ने उसे गालियां देते हुए उतरने को कहा। युवक ने गालियां देने का विरोध किया तो परिचालक तैश में आ गया। उसने वहां मौजूद एक पुलिसकर्मी को बुला लिया। पुलिसकर्मी ने भी परिचालक का पक्ष लेते हुए युवक को थप्पड़ जड़ दिया। युवक ने बीच चौराहे ही पुलिसकर्मी की गर्दन पकड़ ली। इसी बीच ट्रैफिक बूथ में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गए। युवक को पुलिस बूथ ले जाया गया। लोगों की भीड़ भी चौक पर नजारा देखने के लिए एकत्रित हो गई।

### पुलिस चौकी में हुआ सुलहनामा

ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने सूचना देकर भाड़ावास गेट पुलिस चौकी से जिप्सी बुलाई। युवक को जिप्सी में बैठाकर पुलिसकर्मी और बस कंडक्टर दोनों साथ चौकी चले गए। इसी बीच युवक के परिजनों को बुलाया गया। परिजनों ने गलती स्वीकार करते हुए बताया कि युवक कॉलेज का छात्र है। उससे गलती हुई है। परिजनों के गलती स्वीकार करने के बाद युवक को छोड़ दिया गया।

### कई लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ केस

## जमीन की खरीद-फरोख्त में लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने जमीन की खरीद-फरोख्त में लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक वकील व स्टांप विक्रेता सहित कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आर्थिक अपराध शाखा मामले की जांच कर रही है। यह केस डीजीपी के आदेश पर दर्ज किया गया है। डीजीपी को लिखे पत्र में ओल्ड हाउसिंग बोर्ड निवासी रामकीर्त ने बताया कि उसने सुठानी में 12 सौ वर्ग गज जमीन लेने के लिए गांव निवासी सुमेर के साथ 60 लाख रुपये में सौदा किया था। उसने सुमेर को लगभग 29 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। रामकीर्त का आरोप है कि बाद में सुमेर उसे जमीन देने से मुकर गया। उसने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की, तो उसे ही झूठे केस में फंसा दिया गया। उसका आरोप है कि सुमेर ने बाद में एक वकील, स्टांप विक्रेता व कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिए, ताकि वह उसके पैसों को हड़प सके।

## पर्यावरण दिवस पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने किया पौधरोपण

- 5 जून से शुरू हुआ पौधरौपण कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलता रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी रेवाड़ी की जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने आज पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। 5 जून से शुरू हुआ पौधरौपण कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलता रहेगा। इस अवसर पर वंदना पोपली ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को पूजनीय माना गया है और हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित पर्यावरण देने की दिशा में प्रयासरत रहना चाहिए।प्‌ रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायाब सैनी तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम जन भी पर्यावरण को बचाने में अपनी भागीदारी कर रहें है। कार्यक्रम के दौरान छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही, उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। वंदना पोपली ने आगे कहा कि भाजपा की ओर से जिले भर में इस प्रकार के पौधरोपण अभियान को नियमित रूप से चलाया जाएगा और लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर हिमांशु पालीवाल गौरव शर्मा प्रवीन शर्मा धीरज यादव सत्यपाल धुपिया दलीप कुमार सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





### पांच एकड़ जमीन में विकसित हो रही कॉलोनियों को जमींदोज कर दिया

# मसानी और अलावलपुर में चला सरकारी पीला पंजा

- कार्रवाई के बाद एक फिर से निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया
- पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने वीरवार को मसानी व अलावलपुर की सीमा लगभग पांच एकड़ जमीन में विकसित हो रही कॉलोनियों को जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। इस कार्रवाई के बाद एक फिर से निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। डीटीपी की टीम ने पुलिस बल के साथ मसानी राजस्व एरिया में विकसित की जा रही तीन एकड़ कॉलोनी में 12 डीपीसी, पांच प्रीकास्ट चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। टीम ने अलावलपुर में दो एकड़ में किए जा रहे निर्माण ध्वस्त कर दिए। यहां टीम ने 7 डीपीसी व एक निर्माण गिरा दिया। डीटीपी की कार्रवाई के बाद अवैध रूप से कॉलोनियां काटने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी कॉलोनियों में लोगों को प्लॉट खरीदने से बचना चाहिए, क्योंकि निर्माण तोड़ने से उनका दोहरा नुकसान होता है।






**रेवाड़ी।** दोनों गांवों में निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### विधायक आज कोसली में सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**कोसली।** विधायक अनिल यादव शुक्रवार 6 जून को सुबह दस बजे से 12 बजे तक जाटूसाना खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। कोसली के विधायक अनिल यादव हलकावासियों की समस्याओं का निवारण करने के लिए उनके बीच उपस्थित रहते हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने कोसली में अपने खुले दरबार का आयोजन किया था। अब 6 जून को वे जाटूसाना बीडीपीओ ब्लाक परिसर में जनशिकायतों की सुनवाई करेंगे। शुक्रवार को सुबह दस बजे से 12 बजे तक विधायक अनिल यादव लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे अपनी शिकायत को लिखित में लेकर आएं, जिससे कि उन पर ठोस कार्रवाई की जा सके। जाटूसाना और आसपास के गांवों के निवासी इस दरबार में अपनी शिकायत रख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन व पर्स लूटकर फरार हुए

**धारूहेड़ा।** बस स्टैंड के पास बुधवार की रात कंपनी से लौट रहे युवक की बाइक को टक्कर मारकर गिराने के बाद बाइक सवार तीन बदमाश उसका मोबाइल फोन व पर्स लूटकर फरार हो गए। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बदमाशों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। करनाल के राहड़ा निवासी विजय एक कंपनी में काम करता है। रात को वह ड्यूटी करने के बाद अपने कमरे पर बाइक से लौट रहा था। बस स्टैंड के पास एक रास्ते पर पीछे से बाइक पर आ रहे तीन लड़कों ने आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया। वह उसका मोबाइल फोन छीनने लगे। उसने तीनों का जमकर विरोध किया, तो एक ने उस पर नुकी वस्तु से वार कर दिया। इसके बाद वह बाइक सहित गिर गया। तीनों उसका मोबाइल फोन, पर्स व हेलमेट लेकर फरार हो गए। उसने बाद में पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस बदमाशों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### ट्रक ने पानी सप्लाई करने वाले युवक को रौदा

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा बस स्टैंड के पास एक ट्रक की टक्कर से पिकअप गाड़ी से पानी सप्लाई करने वाले युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मसानी वालों की ढाणी निवासी संसार यादव पिकअप गाड़ी से आरओ पानी सप्लाई करता था। वीरवार सुबह वह धारूहेड़ा में पानी की सप्लाई कर रहा था। सुबह करीब 8 बजे जब वह पिकअप के पीछे खड़ा होकर कैंपर भर रहा तो पीछे से आ रहा ट्रक संसार को टक्कर मारकर पिकअप गाड़ी में घुस गया। संसार ट्रक और पिकअप के बीच में फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अधिकारियों से सांठगांठ के दम पर बिना किराये यूज होती रही दुकानें

# नप की दुकानों पर वर्षों से कब्जा, एक्शन के डर से रात को खाली कीं, सामान निकालकर लगाए ताले

### डीएमसी के कड़े तेवरों को देखते हुए आधी रात हटाया दुकानों से सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी अपनी संपत्ति को लेकर जरा भी गंभीर नहीं हैं। जमीन पर कब्जा करने के लिए बनाई गई दुकान तोड़ने के बाद नप की दुकानों पर वर्षों से कब्जा करने का मामला सामने आया है। डीएमसी के कड़े रुख को भांपकर कब्जा करने वाले लोगों ने रातों-रात दुकानों को खाली तो कर दिया, परंतु इन दुकानों से अपना ताला नहीं हटाया। वर्षों तक बिना किराए इन दुकानों का इस्तेमाल किया गया है।

नगर परिषद ने आय बढ़ाने के लिए तोपचीवाड़ा मोहल्ले में अपनी खाली पड़ी जमीन पर कई दुकानों का निर्माण कराया था। दुकानों पास सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण भी कराया गया था, ताकि यहां मार्केट विकसित हो सके। कई दुकानों को लगभग चार साल पहले किराए पर दिया गया था। इन दुकानों में से 35 व 39 नंबर दुकानों पर प्रभावशाली व्यक्ति ने कब्जा जमा लिया। उसकी अच्छी राजनीतिक पहुंच बताई जा रही है, जो इस समय एक भाजपा नेता का भी खास माना जा रहा है। इन दुकानों का वर्षों से बिना किराया दिए इस्तेमाल किया जाता रहा। जानकार सूत्रों के अनुसार एक दिन पूर्व ही यह मामला डीएमसी के नोटिस में आ गया था। इस बात की भनक कब्जाधारी को लग गए। उसने बुधवार की रात को ही दुकानों से अपना सामान निकाल लिया। दुकानों पर कब्जा बरकरार रखने के लिए उसने अपने ही ताले लगाए रखे हैं। सामान निकालने का मकसद यह था कि कहीं नगर परिषद उसका सामान ही जब्त नहीं कर ले।



रेवाड़ी। रात के समय खाली की गई नप की दुकानें।



फोटो : हरिभूमि

#### कर्मचारी की सांठगांठ से चला खेल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुकानों पर अवैध कब्जे का यह खेल नगर परिषद के भ्रष्ट कर्मचारियों की सांठगांठ से चलता रहा। दुकानों को नए सिरे से किराए पर देने की बजाय कर्मचारियों ने ही कब्जा करा दिया। इसके बदले कर्मचारी हर माह सुविधा शुल्क वसूलकर नगर परिषद को नुकसान पहुंचाते रहे। इससे नप को हजारों रुपये के किराए का नुकसान हुआ है। डीएमसी की संभावित कार्रवाई को देखते हुए संबंधित कर्मचारी ने ही सूचना देकर दुकानों का सामान खाली करा दिया, ताकि कब्जा जमाने वाले का सामान जब्त होने से बच सके।

#### दुकान तोड़ने के मामले केस नहीं

नगर परिषद की जमीन पर सिटी थाना के सामने कब्जा जमाने के लिए दुकान तैयार कर दी गई थी। नगर परिषद अधिकारियों को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने जेसीबी से दुकान को धराशाही करा दिया था। इस दुकान का निर्माण कराने के बाद शटर लगाना शेष था। नगर परिषद के अधिकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराने तक से बच रहे हैं। हालांकि इस मामले में बिल्डिंग इंस्पेक्टर का तबादला जरूर कर दिया गया है।

#### कर्मचारी के खिलाफ होगा एक्शन



दो दुकानों पर अवैध रूप से कब्जा करने का मामला में मेरी नोटिस में आ चुका है। इस बात की जांच कराई जा रही है कि किसी कर्मचारी की शह पर वर्षों तक दुकानों पर अवैध कब्जा रहा। दोषी पाए जाने वाले कर्मचारी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। साथ ही इसके लिए रिकवरी की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

-राहुल मोदी, डीएमसी।

## सीएम के आगमन की तैयारियों पर मंथन

- डीसी ने मुख्यमंत्री के आगमन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला रेवाड़ी में आगामी 15 जून को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर डीसी अभिषेक मीणा ने गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डीसी अभिषेक मीणा ने मुख्यमंत्री के आगमन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिला रेवाड़ी में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर राव तुलाराम स्टेडियम में जनसभा का आयोजन किया जाएगा।

डीसी मीणा ने अधिकारियों को जनसभा स्थल और अन्य कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था और प्रबंध करने के निर्देश दि। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जिला रेवाड़ी की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। डीसी ने कार्यक्रम में पधारने वाले आमजन के लिए सभी व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एंबुलेंस, पेयजल, बिजली, शौचालय, सफाई व रास्ते पर पड़ने वाले पेड़ों की कटिंग सहित तमाम तैयारियां दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग को सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस को यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, रूट प्लानिंग और पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के साथ कार्यक्रम स्थल, हेलीपेड व पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रबंध समय रहते पूरा करने को कहा।




रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

#### ये मौजूद रहे

बैठक में एसपी हेमेन्द्र मीणा, एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी, प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, एसडीएम रेवाड़ी सुरेन्द्र ढ्ढ्सह, एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, एसडीएम बावल उदय सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी डा. रविंद्र, डीएसपी जोगेंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कलियुग में शंकर की पूजा ही श्रेष्ठ, शिव का नाम लेने से ही प्राणी भव से हो जाता है पार



कोसली। शिव महापुराण कथा करते स्वामी रमणराम महाराज व मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सुधराना गांव में बाबा भैया के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित शिव महापुराण कथा के अंतर्गत कथा वाचक स्वामी रमणराम महाराज ने वीरवार को नारद जी का मोह समाप्ति, भगवान विष्णु की उत्पत्ति, शिव तत्व की महिमा व काशी की स्थापना की कथा का वर्णन किया।

स्वामी रमणराम महाराज ने कहा कि संसार में शिव से बड़ा कोई नाम नहीं हो सकता। शिव नाम की महिमा अपार है। श्रीमद्भागवत व रामचरितमानस जैसे अनेक ग्रंथों का प्रारंभ ही शंकर भगवान की कथा से हुआ है। अपने प्राचीन ग्रंथों में इस बात का वर्णन आया है कि भगवान शिव ने विभिन्न अवतार व अनेक रूप धारण किए। स्वामी जी ने कहा कि भारत में सभी नदियों के साथ भगवान शिव की कथा जुड़ी हुई है। भारत में उत्तर से लेकर दक्षिण तक भगवान शिव की पूजा अराधना होती है।

## सीनियर सैकेंडरी स्कूल में समर कैंप में दी बच्चों को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जारी सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर में वीरवार को वरिष्ठ प्रवक्ता माया यादव व कार्यक्रम नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र ने छात्राओं को हरियाणा व अन्य प्रदेशों के स्थानीय व्यंजनों में इस्तेमाल होने वाले खास फलों व सब्जियों तथा उनमें प्रयुक्त होने वाले मसालों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि यह शिविर हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश अनुसार आयोजित किया जा रहा है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर रेवाड़ी से प्रवक्ता डा सुरेंद्र कुमार ने कहा कि बच्चों को विभिन्न प्रदेशों के व्यंजनों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त होगा तथा उनके मौलिक विचारों में वृद्धि होगी। इतिहास प्रवक्ता बाल योगेश्वर ने छात्राओं को हरियाणा व अन्य प्रदेशों के स्थानीय व्यंजनों में इस्तेमाल होने वाले फल , सब्जियों व खाद्य व्यंजनों खिचड़ी, दलिया, रबड़ी व बाजरे से बनने वाली खाद्य चीजों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रवक्ता नीलम रानी, मनीषा यादव, रेखा कुमारी, अध्यापिका स्नेहा यादव, रामकल, सुमन, कविता, पुष्पा, राजबाला, सरिता, सुनील कुमार, सोनू,भूपेंद्र, सुनीता लिपिक, लता व नरेन्द्र सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



कोसली। समर कैंप में दूसरी भाषाओं की जानकारी देते प्रवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## हर शिकायत का प्राथमिकता से किया जा रहा समाधान: डीसी

- डीसी अभिषेक मीणा जिला सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद की मजबूत कड़ी है, जिनसे लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निपटान हो और कोई भी मामला लंबित न रहे।

डीसी अभिषेक मीणा वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में संबोधित कर रहे थे। डीसी ने गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में एडीसी अनुपमा अंजलि के साथ लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में बड़ी संख्या में आए नागरिकों डीसी अभिषेक मीणा के समक्ष अपनी समस्याओं रखा जिसमें जल आपूर्ति, पहचान पत्र में नाम दर्ज, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं, जिनको डीसी अभिषेक मीणा ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निदान करने के निर्देश दिए। इनमें से कई समस्याओं की मौके पर ही कार्रवाई शुरू करते हुए नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। कुछ घरेलू विवादों को लेकर सुरक्षा संबंधी समस्याएं सामने आई, जिस पर प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित हस्तक्षेप के निर्देश दिए। एक निजी स्कूल द्वारा लिविंग सर्टिफिकेट देने के लिए अतिरिक्त राशि की मांग की शिकायत पर डीसी ने संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




रेवाड़ी। शिविर में शिकायतों को सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

#### नियमित रूप से चलेंगे समाधान

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जनता व प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करते हुए लोगों की समस्याओं का निवारण व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाने के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है ताकि लोगों को एक स्थान पर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया जा सके। उन्होंने बताया कि यह समाधान शिविर नियमित रूप से जारी रहेंगें ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

#### यह रहे समाधान शिविर में मौजूद

इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी, नगराधीश प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### बाबा भगवान दास स्मृति मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# कलाकारों के तलवारबाजी के कारनामों ने हतप्रभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव सीहा में श्रीदादू पंथी बाबा रामस्वरूप दास महाराज आश्रम में ब्रह्मलीन महंत बाबा भगवान दास जी एवं बाबा प्रेमदासी महाराज की पुण्य समृती में आयोजित चार दिवसीय भव्य मेला, संत सम्मेलन, विशाल भंडारे का आयोजन आश्रम के महंत नरोत्तम दास महाराज की देखरेख में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। 1 जून से श्रीदादू वाणी का अखंड पाठ जयपुर से आए विद्वानों ने वाणी का अमृतपान कराया। 3 जून को अखिल भारतीय श्रीदादू संप्रदाय के आचार्य पीठाधिश्वर ओमप्रकाश दास महाराज का काफिला सांयकाल नरेणा दादूधाम से गांव पहुंचा। जो गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए गाजे बाजे सहित साधु संतों के साथ आश्रम परिसर में प्रवेश किया। जहां उनका ग्रामवासियों व संतों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रातः 4 जून को श्रीदादू वाणी की शोभायात्रा आश्रम परिसर से गांव के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए वापस आश्रम पहुंची। जिसमें मुख्य रूप से जमात निवाई राजस्थान के कलाकारों के तलवारबाजी के हेरतंअंगेज कलाकारी कारनामों को देखकर लोग हतप्रभ रह गए। ग्रामवासियों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों के सामने ठंडे शरबत, आइसक्रीम की बहुत संख्या में छबीलें लगाइं तथा छतों से पुष्प वर्षा की। दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्रीय हरियाणवी लोक गायकों ने लोक संस्कृति के भजन, रागनियों, किस्से से समां बांधे रखा। विशेष रूप से क्षेत्र भर से आए बाबा के अनुयायियों ने मिल जुलकर इस पूरे प्रबंध को बड़ी सेवा भाव के साथ संभालने में हम योगदान दिया। ब्रह्मलीन महंत भगवान दास एवं प्रेमदास को साधु संतों ने अपने वाणी से श्रद्धांजलि दी।





रेवाड़ी। मेले में आए साधु महात्मा व कला का प्रदर्शन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



### समय पर गुणवत्तापरक होने चाहिए विकासकार्यः मनोज यादव

**रेवाड़ी।** जिला प्रमुख मनोज यादव ने कहा कि गांवों में होने वाले विकासकार्य समय पर हों। इन विकासकार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। जिला प्रमुख अपने कार्यालय में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हर क्षेत्र का समुचित विकास कराने के प्रति कृतसंकल्प हैं। जिला परिषद भी गांवों के समग्र विकास पर ध्यान दे रही है। विकास परियोजनाओं से जुड़े अभियंताओं और कर्मचारियों को चाहिए कि यह परियोजनाएं जल्द से पूरा हों, ताकि ग्रामीणों को समय पर इनका लाभ मिल सके। विकास के लिए जिला परिषद के पास धन की कोई कमी नहीं है। विकासकार्यों में गुणवत्ता को लेकर किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी अर्जुन लाल गुप्ता, सभी ब्लॉकों के एबीपीओ और जेई शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### बालधन खुर्द आश्रम में विचार गोष्ठी आयोजित

**कोसली।** कोसली की सामाजिक संस्था प्रेरणा के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस पर बृहस्पतिवार को बाबा धूना वाला के आश्रम बालधन खुर्द में विचार गोष्ठी, कवि सम्मेलन, भजन, कीर्तन व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य डा नरेंद्र सिंह ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक अच्छा कदम है ।उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे देश में 700 से अधिक पेड़ एक व्यक्ति के हिस्से आ रहे हैं और चीन में 7000 से भी अधिक पेड़ एक व्यक्ति के हिस्से आ रहे हैं। जबकि भारत में एक व्यक्ति के हिस्से मात्र 12 पेड़ आते हैं जो कि बहुत ही कम है। आज पर्यावरण इतना खतरनाक स्थिति में है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। कार्यक्रम में जितेंद्र पटौदी, मास्टर गजेंद्र, मास्टर ज्ञान सिंह, संदीप, धर्मवीर सिंह, सचिंद्र सिंह, उर्मिला, रोशनी सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मां के साथ मारपीट, बचाव करने वाले को भी पीटा

**रेवाड़ी।** चिल्हड़ में अपनी मां के साथ मारपीट कर रहे एक युवक ने बचाव करने गए व्यक्ति पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस बयान में राजमिस्त्री का कार्य करने वाले विल्हड़ निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि उसने गांव के जोहड़ा का कार्य लिया हुआ है। वह जोहड़ पर अपने साथियों के साथ काम कर रहा था। इसी दौरान गांव का ही युवक कालू अपनी मां के साथ मारपीट करने लगा। उसने अपने साथियों सहित मौके पर जाकर उसकी मां का बचाव किया। उसने आरोप लगाया कि झगड़ा शांत कराने के बाद जब वह वापस जाने लगा तो कालू ने उस पर ईंट से वार कर दिया। वह ईंट के वार से जमीन पर गिर गया। कालू वार करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया।

## 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर लगाए पौधे

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण की धूम

- नेताओं से लेकर अधिकारियों तक ने बड़ी संख्या में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया
- हर वर्ग ने एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 में आहुति डाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

विश्व पर्यावरण दिवस पर वीरवार को जिले में पोधरोपीण की धूम रही। नेताओं से लेकर अधिकारियों तक ने बड़ी संख्या में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षण संस्थाओं में भी इस मौके पर पौधे लगाए गए।

जिले को हरा-भरा बनाने केलिए पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनने का संकल्प लेते हुए हर वर्ग ने एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 में आहुति डाली। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस पुनीत अभियान में बावल से विधायक डॉ.कृष्ण कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सार्वजनिक स्थलों पर पौधा रोपित करते हुए उसके संरक्षण का दायित्व निभाते हुए सारथी बनने की सकारात्मक पहल की।बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बावल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए कहा कि वे अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाया जाए और पौधरोपण करने वाले की ओर से अपनी मां को अनमोल तोहफा होगा। विधायक ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0 के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य को समझें और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा, प्रकृति मां के समान है, और मां के नाम एक पेड़ लगाकर हम धरती मां की सेवा भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर प्रकृति के संरक्षण एवं संतुलन को बनाये रखने का संकल्प लें। आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेवारी है। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम बावल उदय सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



रेवाड़ी। बावल में पौधरोपण करते हुए विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार तथा नप प्रधान पूनम यादव व डीएमसी राहुल मोदी पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण में प्रहरी की भूमिका निभाएं: डीसी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ संस्कारों का समावेश करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि इसके तहत जिला में अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति सक्रिय है और यह अभियान लगातार चलता रहेगा। डीसी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपना कर्तव्य समझना होगा। वर्तमान समय में पर्यावरण का ध्यान रखना और संरक्षण करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली चीजों का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने जिलावासियों को पर्यावरण संरक्षण में प्रहरी की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।


रेवाड़ी। बच्चों को पर्यावरण का संदेश देते हुए सहायक पर्यावरण अभियंता।

### नप चेयरपर्सन व डीएमसी ने किया पौधरोपण

शहरी क्षेत्र में नगरपरिषद चेयरपर्सन पूनम यादव व डीएमसी राहुल मोदी ने शहरी क्षेत्र में पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से एक ओर जहां पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज, तन ढकने के लिए कपड़ा मिलता है वहीं दूसरी ओर हमें पेड़ों से जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता। पेड़ मनुष्य की जरूरत हैं, उसके जीवन का आधार है। आज लगाए गए पौधे से हमारा आने वाला कल बेहतर बनेगा। हर व्यक्ति को पौधरोपण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि सभी अपनी मां के नाम से एक पेड़ अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।

### रावमावि में लगाए पौधे

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रंण बोर्ड़ रेवाड़ी ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड़ के सहायक पर्यावरण अभियंता दीपक वर्मा, सुधीर बल्हारा व प्राचार्या सरोज देवी ने उपस्थित बच्चों को पर्यावरण बचानेका सकंल्प दिलाया। बच्चों को सहायक पर्यावरण अभियंता द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया तथा शपथ भी दिलाई गई।

### पीथडावास में किया पौधरोपण

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीथडावास में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एसएमसी पूर्व प्रधान समाजसेवी अमृत कुमार के नेतृत्व मे एक पेड़ मां के नाम कैंपेन का शुभारंभ पौधरोपण के साथ किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति संरक्षण के लिए सभी जीव जंतु व पेड़ पौधे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मौलिक मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार, पर्यावरण प्रेमी प्रवक्ता यशवंत राव, विक्रम सिंह, उत्तम मंडल, रविप्रकाश, रवि कुमार, आशालता, मनीषा, रजनी आदि मौजूद रहे।


रेवाड़ी। पीथड़ावास स्कूल में किया गया पौधरोपण।


रेवाड़ी। स्कूल में पर्यावारण दिवस आयोजित कार्यक्रम में अतिथि।

### ईको क्लब प्रभारी ने कराया पौधरोपण

जिले के गांव बीकानेर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया गया। इको क्लब प्रभारी प्रवक्ता सोमबीर यादव के मार्गदर्शन मे एक पेड़ मां के नाम कैंपेन का शुभारंभ पौधरोपण के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के लिए सभी जीव जंतु व पेड़ पौधे महत्वपूर्ण है तथा अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रवक्ता अनिता रोहिल्ला, मीनाक्षी चुग, पुनीता सैनी, पूनम देवी, प्रिया, चंद्रपाल व अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### लिसाना में हुआ खंड स्तरीय कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के गांव लिसाना में खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीभगवान ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी संजय सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधितकरते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। खंड संयोजक सुरेश कुमार ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए खतरनाक है हमें इसका प्रयोग तुरंत प्रभाव से बंद कर देना चाहिए। खंड संयोजक मनोज कुमार, ग्राम सचिव प्रवीण, पिंकी, रेनू यादव, निशा, आशा वर्कर्स श्यामा देवी संतोष, आंगनवाडी वर्कर्स सुमन, वीना देवी, मुकेश चौकीदार व सफाई कर्मचारी रामबीर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।


रेवाड़ी। लिसाना में पौधे लगाते हुए पंचायत अधिकारी।


रेवाड़ी। विवेकानंद स्कूल में पौधरोपण करते हुए निदेशक व अन्य।

### विवेकानंद स्कूल में लगाए पौधे

लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे विद्यालय प्रांगण में लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक एडवोकेट सुधीर यादव ने कहा कि हमारे जीवन में पौधों का विशेष महत्व है, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिएं।

## राजकीय प्राथमिक स्कूल में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नाहड़ गांव स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के परिसर में वीरवार को एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण के बाद खंड शिक्षा अधिकारी डा राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि आज पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना है तो अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए जिससे हम सब शुद्ध एवं खुली हवा में सांस ले सकें। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने गांव व घरों के आसपास हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। इस अवसर अध्यापकों दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, रवि कुमार, ललित कुमार, मनींद्र यादव, संजय कुमार, लाजवंती, सीमा कुमारी, संतोष व हंसराज ने भी पौधरोपण किया।


कोसली। पौधारोपण करते खंड शिक्षा अधिकारी व अध्यापकगण। फोटो :हरिभूमि

### समर कैंप के चौथे दिन अनोखी गतिविधियां आयोजित

**धारूहेड़ा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कापड़ीवास में वीरवार को भारतीय भाषा पर चल रहे समर कैंप के चौथे दिन मसालों पर आधारित अनोखी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न मसालों को कई भाषाओं में परिभाषित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य देशराज शर्मा ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना है। विद्यार्थित्रों ने जीरा, धमिया, हल्दी, लौंग, इलायची, काली मिर्च, दालचीनी, हींग, अजवाइन आदि मसालों के नामों को हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, पंजाबी, गुजराती, मराठी, तमिल व उर्दू भाषाओं में प्रस्तुत किया। छात्रों ने अपने चुने गए मसाले की विशेषता, स्वाद, उपयोग और उनके उच्चारण को भी समझा। यह गतिविधि न केवल उच्चारण शैक्षिक रही, बतिक छात्रों में आत्मविश्वास और समझ को भी बढ़ाने वाली रही। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी मातृ भाषा के अतिरिक्त एक अन्य भारतीय भाषा का ज्ञान होना अति आवश्यक है। इस मौवे पर सुभद्रपाल, ज्योति, दीपा व नीरज व विकास कुमार आदि ने सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।


रेवाड़ी। समर कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ।

## पौधरोपण के साथ कराया योग का अभ्यास
## योग क्रियाओं के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुष विभाग रेवाड़ी द्वारा डीसी अभिषेक मीणा के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डा. बसंत कुमार सोनी के नेतृत्व में किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. बसंत कुमार ने सेक्टर-4 स्थित पंचकर्म केंद्र पर पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसे बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। वृक्षारोपण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पौधारोपण के इस कार्यक्रम के दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के अलावा जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप यादव, डॉ. राजेश सिरोहा, डॉ. नरेश राव एवं अन्य आयुष स्टाफ मौजूद रहा। आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा जिले की विभिन्न आयुष डिस्पेंसरियों में औषधीय पौधों का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की गई।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में योग क्रियाएं करते हुए साधक।

### रिहर्सल कार्यालय का किया आयोजन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में चल रहे रिहर्सल कार्यक्रम के तहत प्रजापति ब्रह्माकुमारी ऐश्वर्या विश्वविद्यालय ओम शांति संस्था के केन्द्र में योग रिहर्सल कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्था की प्रख्यात कार्यकर्ता एवं इंचार्ज ब्रह्माकुमारी दीदी बृजेश ने आयुष विभाग के योग सहायकों की मदद से उपस्थित लगभग 100 साधकों को योग आसन करवाया एवं जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### डाटा एंट्री ऑपरेटर से मारपीट, दो पर केस

- चोट ज्यादा लगने के कारण वह बाइक के नंबर नोट नहीं कर सका

**जाटूसाना।** मोतला कलां के निकट तहसील के डाटा एंट्री ऑपरेटर का रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में जाटूसाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डहीना सब तहसील में डाटा एंट्री पद पर कार्यरत बेरली खुर्द निवासी शिवशंकर ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। मोतला व बेरली के बीच पहुंचने पर बाइक सवार दो युवकों ने बाइक आगे लगाकर उसकी बाइक रुकवा ली। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, दोनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके साथ फैन बेल्ट से मारपीट करने के बाद दोनों आरोपी बाइक लेकर फरार हो गए। चोट ज्यादा लगने के कारण वह बाइक के नंबर नोट नहीं कर सका। बाद में वह इलाज के लिए गुरावड़ा सीएचसी पहुंचा। दोनों युवकों को वह नहीं जानता, लेकिन सामने आने पर पहचान सकता है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## आईटीआई में मनाया गया पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

कोसली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य सुनील यादव ने 'त्रिवेणी' का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने छात्रों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपनी धरती को हरा-भरा बनाना चाहिए। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।संस्थान के अधीक्षक रमेश कुमार ने छात्रों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### इन्होंने लगाए दो-दो पौधे

इस अवसर पर समूह अनुदेशक विजय यादव, सत्यप्रकाश, आदित्य, आकाश, निर्मल, उमेश, नवीन, अरविंद, अजय, संदीप, सुमन सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने आईटीआई परिसर में दो-दो पौधे लगाए तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



कोसली। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पौधारोपण करते स्टाफ सदस्य।

## हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर चलाया

# विधिक जागरूकता एवं पौधरोपण अभियान

- इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विशेष रूप से महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों तथा योजनाओं के बारे में जानकारी देना था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने एडीआर सेंटर रेवाड़ी में पौधा लगाकर कार्यक्रम शुरू किया। इस अवसर पर शांति देवी लॉ कॉलेज के संकाय सदस्य और छात्र-छात्राओं के साथ-साथ पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण और विधिक सशक्तिकरण का संदेश फैलाने के लिए इसी प्रकार की गतिविधियां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा गांव गंगायचा अहीर, रामपुरा, गोकलपुर, जाटुवास, हंसाका गांवों के आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं आईटीआई रेवाड़ी में भी आयोजित की गई। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विशेष रूप से महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों तथा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान नालसा योजना 2024, वैवाहिक एवं संस्थागत विवादों में मध्यस्थता एवं पूर्व-विवाद समाधान, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम, कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न रोकने वाला अधिनियम, बाल विवाह निषेध, निःशुल्क विधिक सहायता सेवाए, 15100 हेल्पलाइन और नालसा पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स के माध्यम से समाज के लोगों को विधिक अधिकारों और उपलब्ध सहायता प्रणालियों के बारे में जागरूक किया गया।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अमित वर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि